केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/ प्रश्न पत्र प्रेक्षण/2023/ 23.02.2023

सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुख
(सीबीएसई वैबसाइट के माध्यम से)

विषय : 2023 के प्रश्नपत्रों के प्रेक्षण संबंधी

महोदया/महोदय,

आप जानते हैं कि 15 फरवरी, 2023 से कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएँ शुरू हो चुकी हैं। प्रत्येक वर्ष, स्कूलों से यह अनुरोध किया जाता है कि वे प्रश्नपत्रों पर अपने प्रेक्षण/टिप्पणी और मुद्दा, यदि कोई है तो सीबीएसई को OECMS में भेजें।
इस वर्ष, निम्नलिखित पाया गया है:-

1. स्कूल उन विभिन्न ई-मेल पतों पर प्रेक्षण भेज रहे हैं जो इस प्रयोजन के लिए नहीं बने हैं।
2. कई दिनों बाद प्रेक्षण भेजे गए हैं।
3. भेजे गए प्रेक्षण अनिश्चित हैं और स्पष्ट नहीं हैं। उदाहरण के लिए – प्रश्न सही नहीं है। परंतु प्रश्न में क्या सही नहीं है, इसका उल्लेख नहीं है।

इस प्रक्रिया को सुव्यस्थित करने के लिए, निम्नलिखित के लिए अनुरोध किया जाता है :

i) प्रेक्षण OECMS पर अपलोड किया जाना चाहिए।
ii) मामले/समस्या को स्पष्ट करने के लिए, यदि आवश्यक हो, विवरण ई-मेल आईडी – qpobservation@cbseshiksha.in पर भेजे जायें।
iii) प्रेक्षण उसी दिन भेजे जाएं जिस दिन परीक्षा आयोजित की गई है।

यदि प्राप्त प्रेक्षण स्पष्ट नहीं हैं, समय पर प्राप्त नहीं हुए हैं, सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में नहीं हैं, या असपष्ट हैं, बोर्ड द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

आपसे सही समय पर सहयोग का अनुरोध किया जाता है ताकि बोर्ड द्वारा उचित कार्रवाई की जा सके।

हस्ता./-
डॉ. संयम भारद्वाज
(परीक्षा नियंत्रक)

प्रति: वेब प्रबंधक को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित